PUBLICATION	Yashobhoomi(Just Pune)
DATE	August 23rd, 2017
PAGE NO	01
Edition	Pune

लोनावला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की घोषणा

पिंपरी, गत वर्ष प्रथम संस्करण को मिले अपार समर्थन के बाद इस साल लोनावला के हसीन वादियों में दर्शकों के लिए लोनावला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल इंडिया (एलआईएफएफआई)के द्वितीय संस्करण की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्मोत्सव में विभिन्न 32 मनोरंजक देशी एवं विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इस वर्ष फेस्टिवल की थीम फैमिली एंटरटेनमेंट एण्ड एडुटेनमेंट है। शक्तिमान एवं भीष्म पितामह के यादगार किरदार के लिए मशहूर अभिनेता तथा चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया के वर्तमान चेयरपर्सन मुकेश खन्ना फेस्टिवल के मुख्य अतिथि होंगे। बच्चों को अद्वितीय एवं चिरस्थायी अनुभव और मनोरंजन के जरिए उनके ज्ञानवर्धन हेतु निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी गई है।

इस वर्ष प्रदर्शित होनेवाली फिल्मों में हम साथ साथ हैं, हम आपके हैं कौन, आइ ऐम कलाम, अंदाज अपना अपना, जलपरी - द डेजर्ट मर्मेड, स्वर्ग, छोटा सिपाही, रसेल मैडनेस, मंकी अप, द गोल, माइ लकी एलीफैंट आदि जैसी शानदार फिल्में सम्मिलित हैं। एलआईएफएफआई 2017 के आधिकारिक कंटेंट पार्टनर्स में अल्ट्रा मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट प्रा. लि., राजश्री प्रोडक्शन्स, चिल्ड्रन फिल्म सोसाईटी ऑफ इंडिया, के सेरा सेरा, विनय पिक्चर्स एवं स्माइल फाउंडेशन शामिल है। ट्रायोज प्लाजा, राइवुड्स, आइएनएस शिवाजी रोड, लोनावला में 1 से 3 सितम्बर तक आयोजित इस फिल्म फेस्टिवल के दौरान हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की 32 सुप्रसिद्ध फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। सिनेमा के माध्यम से बच्चों में मूलभूत पारिवारिक एवं नैतिक मूल्यों का संचार करने के उद्देश्य से लोनावला के आस-पास के स्कूलों, अनाथालयों एवं एनजीओ के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। दो अलग-अलग हॉल में पारिवारिक मनोरंजक फिल्म हम साथ साथ हैं और बाल फिल्म हैपी मदर्स डे के प्रदर्शन के साथ इसका उद्घाटन होगा।